वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 29 जनवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

छत्तीसगढ़ में अभाविप के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में कांग्रेस विधायिका द्वारा की गई हिंसा निंदनीय: अभाविप

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर में कांग्रेस की विधायिका द्वारा नेतृत्वित हिंसक भीड़ द्वारा अभाविप के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रों के साथ हिंसा की घटना की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कड़े शब्दों में निंदा करती है। छात्रों तथा युवाओं के साथ हुई हिंसा ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सत्ता के वास्तविक चरित्र को उजागर कर दिया है।

गौरतलब हो कि अभाविप द्वारा तखतपुर में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव व अभाविप के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में छात्र सम्मेलन आयोजित किया जा रहा था, जिसमें उपस्थित छात्रों के साथ कांग्रेस की स्थानीय विधायिका रश्मि सिंह तथा कांग्रेसी गुंडों द्वारा मारपीट की गई।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "छत्तीसगढ़ में लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ कांग्रेस नेतृत्व व राज्य सरकार लगातार खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस का इतिहास ही आपातकाल लगा लोगों को प्रताड़ित करने का रहा है। एक ओर छत्तीसगढ़ में जहां युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के विधायक छात्रों के साथ हिंसा पर उतारू हैं। यह अत्यंत निंदनीय है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप व्यवहार करना ही होगा।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)